## डेंगू-मलेरिया से बचाव को लेकर जिले में कराई जा रही फोगिंग

**उदयपुर**। उदयपुर में डेंगू और मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों से बचाव को लेकर जिलेभर में नगर निगम की ओर से फोगिंग कराई जा रही है। निगम के वहां शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग कर रही है। निगम के वाहन में एक विशेष मशीन का उपयोग करते हुए कीटनाशक को धुएं के रूप में हवा में छोड़ा जा रहा है। सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि बारिश का मौसम शुरू होते ही डेंगू और मलेरिया के केसेज आने लगे हैं। इसे लेकर हमने फोगिंग के लिए नगर निगम को पत्र लिखा था। साथ ही नर्सिंग छात्रों के सहयोग से घर-घर सर्वे भी कराया जा रहा है। सर्वे में चिह्नित रोगियों को इलाज के लिए हॉस्पिटल रेफर कर रहे हैं।लोगों से भी अपील है कि वे अपने घर में कूलर,गमले या छत पर खराब पड़े सामान में बारिश का पानी एकत्रित नहीं होने दें। साथ ही आसपास खड्डों में भरे पानी को साफ कराएं। बुखार आने पर नजदीकी हॉस्पिटल में इसकी जांच कराएं। सीएमएचओ डॉ आदित्य ने बताया कि मलेरिया के जनवरी से अभी तक 19 केस सामने आ चुके हैं।

# जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की मासिक बैठक : योजनाओं की जानी प्रगति



डीडब्ल्यूएसएम बैठक में चर्चा करते अधिकारी।

**उदयपुर**। जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की मासिक बैठक का आयोजन बुधवार को जिला कलेक्टर के निर्देशन में अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रविन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में हुआ। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुएयोजना के तय लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से

■ बैठक के दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुएयोजना के तय लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

प्राप्त करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसई चौधरी ने जल जीवन मिशन की भौतिक प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिले के अन्तर्गत 14 पंचायत समिति के 1 हजार 879 ग्रामों में से प्रस्तावित 1 हजार 806 ग्रामों की स्वीकृति प्राप्त कर ली गयी है। 66 ग्राम नॉन फिजिबल है तथा 5 ग्राम शहरी जल योजना उदयपुर से लाभान्वित एवं 1 ग्राम खेरवाडा छावनी पूर्व से लाभान्वित है। 1 ग्राम देवला का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित कर दिया हैं।

वृहद् परियोजना के अतिरिक्त अन्य परियोजनामें 1 हजार 385 ग्रामों के 3 लाख 23 हजार 938 परिवारों को लाभान्वित करने हेतु स्वीकृत राशि रूपये 2 हजार 234 करोड़ के विरुद्ध 1 हजार 370 ग्रामों के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाकर 1 हजार 130 ग्रामों के 2 लाख 72 हजार 452 परिवारों को लाभान्वित करने हेतु राशि रूपये 1 हजार 613.08 करोड़ के कार्यादेश जारी कर दिए गए है बैठक में पीएचईडी के एक्सईएन ललित कुमार नागौरी समेत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## इस्कॉन रथयात्रा के पूर्व होगी जगन्नाथ कथा

**उदयपुर**। अन्तर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन मन्दिर की ओर से 27 जून को धूमधाम से भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा पुरी (ओडिशा) की परम्परा के अनुसार विधि-विधान से सम्पन्न होगी। मन्दिर अध्यक्ष मायापुर वासी ने रथयात्रा मार्ग के बारे मे बताया कि-प्रातः ठीक 9 बजे भगवान जगन्नाथ सुभद्रा बलभद्र अपने मूल स्वरूप मे सुसज्जित रथ मे विराजमान होकर इस्कॉन मन्दिर गगूंकुण्ड से रवाना होकर नागदा रेस्टोरेंट,यूनिवर्सिटी रोड,यूनिवर्सिटी मुख्य द्वार बोहरा गणेश चोराहा,धूलकोट चोराहा, आयड रोड, आनन्द प्लाजा,यूनिवर्सिटी रोड, नागदा रेस्टोरेंट होते हुए वैष्णव भक्त शहर वासी रथ को रस्से से खींचते हुए वापस इस्कॉन मन्दिर पहुंचेगे। मार्ग मे जगह जगह स्वागत द्वार, जल, स्वलपाहर आदि के काउंटर लगा सेवा देने के लिए आगे आ रहे है। मायापुरवासी के अनुसार रथोत्सव के पूर्व 22 से 26 जून तक सायं 6.30 से 9 बजे तक इस्कॉन हनुमानगढ के अध्यक्ष शास्त्रस्वरुप प्रभु के मुखारविन्द से व्यासपीठ से भगवान जगन्नाथजी के वैशिष्ट्य और रथयात्रा की महिमा का गुणगान कथा के माध्यम से सुनेंगे।

### सार-समाचार

## सुनील सागर बालिका मंडल का गठन

**डूंगरपुर**। शहर के न्यू कॉलोनी स्थित हेड पोस्ट ऑफिस के समीप विराजित चतुर्थ पट्टाधीश प्राकृत ज्ञान केसरी चर्या चक्रवर्ती आचार्य 1०8 श्री सुनील सागर जी मुनिराज ससंघ की मंगलवार शाम को भारी बारिश में श्रद्धालुओं ने आरती की तथा आचार्य श्री ने भी ट्रस्ट मंच के माध्यम से श्रद्धालुओं के प्रश्नों का उत्तर दिया। श्रद्धालुओं ने अपनी जिज्ञासा को जाहिर करते हुए मुनियों की आहार चर्या की विधि तथा मंदिर में भगवान के अभिषेक की विधि के बारे में प्रश्न किया। आचार्य ने बडी सरलता और सहजता के साथ जिज्ञासा का समाधान किया। बुधवार प्रात: 4.45 बजे बारिश के बीच अज्झप्प जोग करने के लिए लोगों की भीड उमडी। तत्पश्चात आचार्य संघ ने प्रगति नगर स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के दर्शन किए।

## धूप और बरसात से बचाव के लिये कैनोपी वितरित

**बांसवाड़ा**। महावीर इंटरनेशनल माही वीरा केंद्र की सदस्याओं ने धूप और बरसात से बचाव के लिए हॉस्पिटल चैराहे पर कलेक्ट्री गेट पर 42 साल से बैठकर लोगो के जूते मरम्मत करने वाले कन्हैयालाल को केनोपी बड़ी छतरी प्रदान की। केंद्र अध्यक्ष भुवनेश्वरी मालोत ने बताया कि केनोपी से कन्हैयालाल सुविधायुक्त माहौल में चिंतामुक्त होकर रोजगार कर परिवार का पालन पोषण कर सकेगा। कैनोपी पाकर कन्हैयालाल ने भावुक होकर वीराओं का आभार जताया। ध्यान रहें कि केंद्र पूर्व में भी 8 महिलाओं को कैनोपी मुहैया करवा चुका है। कार्यक्रम में संरक्षक आशा मित्तल, दीपिका जैन, अलका जैन, दर्शिका दोसी, उषा पोरवाल, शशि कला जैन, विमला कोठारी, रमिला गामोठ, उषा मखीजा, सुधा तलवाडिया क्रषि कन्या व्यास, संध्या लोकवानी, विजय बाला सेठिया मौजूद रही। आभार उपाध्यक्ष बीना गुप्ता ने माना।

## बेटी के जन्मदिन पर माता-पिता ने किया रक्तदान

**बांसवाड़ा**। जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ आदि पर रक्तदान करने की सपना फाउंडेशन परिवार की मुहिम का असर गांवों में भी दिखने लगा है। जिसके परिणामस्वरूप पुत्री जाह्नवी यादव के जन्मदिन पर माता आशा ने तीसरी एवं पिता ईश्वर यादव सुरपुर ने पांचवीं बार रक्तदान किया। समाजसेवी ईश्वर यादव ने सपना फाउंडेशन के हर घर रक्तवीर अभियान की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जुड़कर रक्तदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर सपना फाउंडेशन के संस्थापक विश्वंभर मेघवाल सुखवाड़ा, महासचिव चार्मी भट्ट, दीपक यादव, अरमान यादव मौजूद रहे वहीं ब्लड बैंक से नम्रता ने सहयोग प्रदान किया।

## पीएमश्री महात्मा गांधी टाऊन को कुल 146 रिक्त सीटों पर 351 फॉर्म प्राप्त

**डूंगरपुर**। पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय टाउन डूंगरपुर में कुल 146 रिक्त सीटों के लिए 351 फॉर्म प्राप्त हुए। प्रधानाचार्य रेणुका शर्मा ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का चयन हुआ है उन्हें शाला दर्पण पर जाकर प्रवेश हेतु भरे गए विद्यालय को लोक करना होगा। विद्यार्थियों द्वारा एविद्यालय लोक करने के बाद चयनित विद्यार्थियों की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर 3० जून को लगा दी जाएगी। आगामी 1 जुलाई 25 से 5 जुलाई 25 के मध्य प्रवेश हेतु विद्यालय समय प्रात:7 से 12 बजे तक व्यक्तिश: उपस्थित होकर आवश्यक वांछनीय दस्तावेज, विद्यालय प्रशासन को प्रस्तुत करने होंगे,तो ही प्रवेश मान्य होगा अन्यथा दूसरे विद्यार्थियों का वरीयता अनुसार प्रवेश ले लिया जाएगा।

जिला स्तरीय जन सुनवाई आज

## करंट लगने से तीन गायो की मौत, बारिश के कारण हुआ हादसा

**उदयपुर** । लेकसिटी उदयपुर में बीती रात हुई झमाझम बारिश जहां एक ओर लोगों के लिए राहत लेकर आई वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की लापरवाही ने तीन बेजुबान जानवरों की जान ले ली। शहर के बोहरा गणेशजी क्षेत्र में एक खुले ट्रांसफॉर्मर से लीक हो रही विद्युत धारा की चपेट में आकर तीन गाएं मौके पर ही दम तोड़ गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना बोहरा गणेशजी-प्रतापनगर मार्ग पर स्थित एक ट्रांसफॉर्मर के पास हुई जहां तेज बारिश के चलते पानी भर गया था। इसी दौरान तीन गायें वहां से गुजर रही थीं,तभी वे करंट की चपेट में आ गईं। देखते ही देखते तीनों गायें मौके पर ही गिर गईं और उनकी दर्दनाक मौत हो गई।

■ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना बोहरा गणेशजी-प्रतापनगर मार्ग पर स्थित एक ट्रांसफॉर्मर के पास हुई जहां तेज बारिश के चलते पानी भर गया था। इसी दौरान तीन गायें वहां से गुजर रही थीं,तभी वे करंट की चपेट में आ गईं

स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले भी कई बार इस ट्रांसफॉर्मर से करंट लीक होने की शिकायत की जा चुकी है,लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। लोगों ने मांग की है कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

नगर निगम और विद्युत विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी न तो विद्युत विभाग का कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा और न ही नगर निगम की ओर से किसी तरह की प्रतिक्रिया आई जिससे स्थानीय लोगों में रोष और गहरा गया है।

## सीएमएचओ ने सेवा प्रदाता संस्थान को जारी किया नोटिस

**बांसवाड़ा**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार के निर्देश पर जिले के आठ स्थानों पर मोबाइल मेडिकल वेन द्वारा लगाए शिविरों का निरीक्षण चिकित्साधिकारी ने किया वहीं स्वयं सीएमएचओ डॉ. ताबियार ने दो स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जिले में हुए निरीक्षणों में दो एलटी ही मिले वहीं छह स्थान पर एलटी नहीं मिलने पर सेवा प्रदाता एजेंसी परमात्मा ट्रस्ट को नोटिस कर जवाब मांगा। जिले में बुधवार को एजेंसी द्वारा जिले के सियापुर, बिजलिया, बस्सी आड़ा, बड़लिया, आंजना, डूंगरीपाड़ा, धनाक्षरी, चोखली में मेडिकल वेन के माध्यम से शिविर लगाए गए। चोखली और बस्सी आड़ा में ही एलटी मिला। जहां नहीं मिले है वहां नियमानुसार पेनल्टी की कार्यवाही की जाएगी। डॉ ताबियार ने सियापुर और बिजलिया का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित सिंह झाला भी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव के निर्देशों के बाद तहसीलदारों ने भी अस्पतालों का निरीक्षण किया।

# बिजली कटौती व अन्य मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



बिजली कटौती व विभिन्न मांगों को लेकर युवा कांग्रेस देहात ने एसडीएम बडगांव को ज्ञापन दिया।

**उदयपुर**। युवा कांग्रेस उदयपुर देहात कार्यकारी जिलाध्यक्ष बालू भील, विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस गोगुंदा शक्ति सिंह झाला के नेतृत्व में युवा कांग्रेस गोगुंदा के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में हो रही अनियमित व अत्यधिक बिजली कटौती के संबंध में व चिरंजीवी योजना के लिए एसडीएम बडगांव को ज्ञापन दिया।

युवा कांग्रेस गोगुंदा विधानसभा संगठन महासचिव दुष्यंत शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में बार-बार और अनियमित रूप से बिजली की कटौती हो रही है, जिससे आमजन, छात्र, व्यापारी, किसान और मरीज सभी को अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। बिजली कटौती का कोई निश्चित समय नहीं होने से बच्चों की पढाई बाधित हो रही है, व्यापारिक कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, जल आपूर्ति में समस्या आ रही है तथा अत्यधिक गर्मी में वृद्ध एवं बीमार लोगों को विशेष परेशानी हो रही है। विधानसभा अध्यक्ष शक्ति सिंह झाला ने बताया कि बिजली कटौती की समस्या का स्थायी समाधान शीघ्र किया जाए।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**डूंगरपुर**। जीवन ज्योति सेवा संस्थान एवं जीवन ज्योति हॉस्पीटल डूंगरपुर के संयुक्त तत्वावधान में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सत्यम क्लिनिक कल्याणपुर में 19 जून गुरुवार को दोपहर 2 से 5 बजे तक किया जा रहा है। इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ एवं जनरल फिजिशियन अपनी नि:शुल्क सेवाएं देंग जीवन ज्योति सेवा संस्थान के संस्थापक जिनेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में राजस्थान सरकार की गर्भवती महिलाओं के लिए अनुपम नि:शुल्क मां वाउचर योजना का प्रमोशन किया जाएगा।


**आम सूचना**

स्टेट लेवल एन्वायरमेंट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर के पत्र क्र. File no.F1 (4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B (0016)/ 2025-26 Date 16-6-2025 के द्वारा Singh Mining Co. नि. खेरवाडा जिला उदयपुर एम.एल. नं. 01/1996 Prop. No. SIA/RJ/MIN/496836/2024 वास्ते खनिज SoapStone mine ,क्षेत्रफल 4.9619 हेक्टर ( खसरा नं.2816, 3417,3380,3381, 3382,5589/3384 एवं 36 ) निकट ग्राम Jhunthri त. खेरवाडा जिला उदयपुर Production Capicity 214286 TPA ROM (Saleabel Mineral 1,50,000 TPA + Mineral Waste 64286) के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी की गई। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल जयपुर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डलकी वेबसाइट www.rpcb.nic.in पर देखी जा सकती है। - भरत लाल कलाल (Singh Mining Co.)

**पर्यावरण स्वीकृती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.) के पत्र कमांक Identification No- EC25C0108 RJ5991133N (Proposal No. SIA/RJ/MIN/ 483105/2025) दि. 16.06.2025 द्वारा **श्री हेमेन्द्र कुमार श्रीमाली**, निकट ग्राम घोड़च, तहसील देलवाड़ा (नाथद्वारा) जिला राजसमंद, में स्थित खनन पट्टा संख्या 02/1993, क्षेत्रफल 5.00 हैक्टयर, उत्पादन क्षमता 174229 TPA (ROM) वास्ते खनिज सोपस्टोन एवं मेसेनरी स्टोन के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी की गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (राज) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है।

**श्री हेमेन्द्र कुमार श्रीमाली**


## वन मण्डल में कार्यशाला, पौधरोपण

**उदयपुर**। उदयपुर वन मण्डल द्वारा वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत उप वन संरक्षक, मुकेश सैनी, सहायक कलक्टर सृष्टि डबास एवं सहायक वन संरक्षक सुरेखा चौधरी के निर्देशन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कालकामाता नर्सरी में किया गया। कार्यशाला में वृक्षारोपण संबंधी चर्चा की गई एवं मियावाकी प्लांटेशन के तहत् पिछोला झील के किनारे वृक्षारोपण किया गया। इसमें पांच प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही श्रमदान कार्य एवं वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला के पश्चात् सांय 6 बजे फतेहसागर की पाल पर नगरवासियों को तुलसी के पौधे वितरित किये गये। साथ ही वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल का महत्व बताकर नगरवासियों में जल के संरक्षण एवं सुदपयोग हेतु प्रेरित किया।

# उदयपुर जिले में 13 हजार 300 से अधिक कार्यक्रम, साढे 13 लाख से अधिक जनभागीदारी

**उदयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान ने जन आंदोलन का रूप ले लिया है। प्रदेश भर में अभियान को लेकर आमजन में अपार उत्साह है। अब तक प्रदेश में सवा दो लाख से अधिक इंवेट आयोजित हो चुके हैं, जिनमें 4.55 करोड़ लोगों की सहभागिता रही है। अकेले उदयपुर जिले में ही 13300 से अधिक इंवेट में साढे 13 लाख से अधिक जनभागीदारी दर्ज की जा चुकी है।

जल संचय और पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने की मंशा से राज्य सरकार ने 5 जून से प्रदेशव्यापी वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का आगाज कियाहै। 18 जून को दोपहर पूर्व तक प्रदेश भर में अभियान के तहत 2 लाख 15 हजार से अधिक इंवेट ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज हो चुके थे।

■ अभियान के तहत 2 लाख 15 हजार से अधिक इंवेट ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज हो चुके

पोर्टल पर इन इंवेट की जिओ टेगिंग के साथ फोटो भी साझा की जा रही है। इन इवेंट्स में अब तक 4 करोड़ 55 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी भी दर्ज की गई है। जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में टीम उदयपुर अभियान में पहले दिन से ही बेहतरीन काम कर रही है। अभियान में उदयपुर जिला प्रारंभ से ही टॉप-5 में शामिल रहा। वहीं उदयपुर ने पहला स्थान भी दर्ज किया था। 18 जून की शाम 5 बजे तक उदयपुर जिला 13 हजार 305 इवेंट्स के साथ प्रदेश में दूसरे स्थान पर कायम है। इन आयोजनों में जिले के लगभग साढ़े 13 लाख लाख लोगों ने भाग लिया। अभियान के दौरान विविध गतिविधियांआयोजित की गई।

इसमें आमजन को जागरूक करने के लिए जल पूजन, पीपल पूजन, कलश यात्राएं, प्रभात फेरी, बच्चों की निबंध, पोस्टर स्पर्धाएं, नुक्कड़ नाटक आदि कार्यक्रम हुए। वहीं जलस्त्रोतों की सफाई के लिए जगह-जगह श्रमदान कार्यक्रम किए गए। हरयाळो राजस्थान के तहत पौधरोपण को लेकर व्यापक तैयारियां की गई।

## जीजीटीयू के कार्यालयों में इंडिया की बजाय 'भारत' का प्रयोग होगा

**बांसवाड़ा**। गोविन्द गुरु जनजातीय विवि प्रबंध मंडल ने विविके सभी कार्यालयी और दैनंदिन कार्यों और प्रयोग में अब से इंडिया के स्थान पर 'भारत' शब्द के प्रयोग के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है । जीजीटीयू के द्वारा सभी कार्यालयी और दैनंदिन कार्यों में 'इंडिया'के स्थान पर 'भारत' शब्द का प्रयोग किया जाएगा।

कुलगुरु प्रो केशव सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे देश का नाम सदियों से 'भारत'रहा है। वेदों,पुराणों,रामायण और महाभारत सहित सभी प्राचीन ग्रंथों में हमारे देश का नाम 'भारत'वर्णित है। विशेष उल्लेखनीय है कि जीजीटीयू,आयुक्तालय और कॉलेज शिक्षा और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन में शिक्षकों एवं शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला में इस विषय पर सभी संभागियों के हस्ताक्षर युक्त विधिवत अनुरोध राष्ट्रपति को भेजा था। इसी कडी में देश में'जी 20 सम्मेलन' में भी 'भारत' का ही प्रयोग किया गया। इसी कडी में जीजीटीयू बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट ने वागड अंचल में स्वतंत्रता की अलख जगाने वाले और पराधीनता के परिवेश में भी पत्रकारिता के माध्यम से जनजागरण कराने वाले स्वाधीनता सैनानी भूपेन्द्र नाथ त्रिवेदी के योगदान को अमिट और प्रेरक बनाने के उद्देश्य से 'स्वाधीनता सैनानी भूपेन्द्रनाथ त्रिवेदी पत्रकारिता अलंकरण दिए जाने के प्रस्ताव को अभी अनुमोदित किया है। यह वार्षिक अलंकरण जीजीटीयू सम्बद्धता परिक्षेत्र में पत्रकारिता में माध्यम से समाजसेवा और जनजागरण कराने वाले पत्रकारिता धर्मियों को प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि भूपेन्द्र नाथ त्रिवेदी के योगदान को स्थाई बनाने और युवा पीढी को प्रेरणा प्रदान करने के निमित्त ऐसे अलंकरण शुरू किए जाने की मांग वर्षों से की जा रही थी।


प्रारूप-10 ( नियम-6 ( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा जिला-राजसमन्द**

सं.2762 | दिनांक :2/6/2025

**लोक-सूचना**

खातेदार श्री विजय कुमार पिता श्री नवनीत कुमार निवासी लाल बाग, के पीछे, बिजलाई, नाथद्वारा तहसील-नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर- कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | तहसील का नाम जिले सहित | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | भलावतो का खेड़ा | खसरा नं.-1022/527<br>खसरा नं.-1024/888 | कुल रकबा0.0380 हैक्टेयर<br>कुल रकबा0.0047 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 02/06/2025 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा**

**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला- राजसमन्द ( राज. )**

Email:-np_ntd@yahoo.in | Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/7751 | दिनांक : 18/06/2025

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/ नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस ( कार्य दिवस ) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पडौस का विवरण: पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री किशोर सनाढ्य पिताश्री तुलसीदास सनाढ्य निवासी -बागरवाड़ा नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या -733 वर्गफिट, बागरवाड़ा, नाथद्वारा | रास्ता | रास्ता | मकान गोपीलाल जी चौबे | मकान कज्जुलाल जी गुर्जर |

**आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा**

**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला- राजसमन्द ( राज. )**

Email:-np_ntd@yahoo.in | Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/7238 | दिनांक : 9/06/2025

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/ नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो सात दिवस ( कार्य दिवस ) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | पडौस का विवरण: पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती लक्ष्मी देवी पालीवाल पत्नि श्री गोपाल पालीवाल, निवासी तेलियो का तालाब,नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या -35 क्षेत्रफल- 1200 वर्गफिट, मोहन विहार प्रताप सर्कल के पास, नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या -34 | भूखण्ड संख्या-36 | 30 फीट रोड | भूखण्ड संख्या-12 |

**आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा**


# उदयपुर में एसडीएम ने आम रास्ते में बना रहे एनीकट का काम रुकवाया



आम रास्ते पर बन रहे एनीकट निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध।

**उदयपुर** । जिले के भींडर उपखंड क्षेत्र में सिंचाई विभाग की और से दिए टेंडर में एक ठेकेदार ने आम रास्ते में एनीकट बनाने का काम शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने रास्ता बंद होते देख इसका विरोध किया और सरकारी विभागों तक शिकायत दर्ज कराई और जनप्रतिनिधियों को भी शिकायत दी। इसके बावजूद भी ठेकेदार ने काम नहीं रोका तो बुधवार को भींडर एसडीएम ने मौके पर जाकर स्थिति देखी और एक बार रुकवाया और पाबंद किया कि यहां पर निर्माण नहीं करें।

मामला ग्राम पंचायत पाणुन्द का है। गांव में आम रास्ते में बन रहे एनीकट निर्माण का कार्य को ठेकेदार द्वारा ग्रामीणों के विरोध के बाद भी नहीं रोका गया तथा ठेकेदार द्वारा चोरी- छीपे यह कार्य किया जा रहा था जिस पर सभी ग्रामीणों ने उदयपुर आकर जिला कलेक्टर, सम्बन्धित जल संसाधन विभाग के अभियंता और भीण्डर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था।बुधवार को भीण्डर एसडीएम रमेश बहेडिया भीण्डर थाने से पुलिस टीमए पटवारी के साथ मौके पर पहुंचे ओर वहां आम रास्ते में बन रहे एनीकट पर पहुंचे व ठेकेदार एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से सवाल जवाब किएउनके साथ टीम के वहां पहुंचते ही वहां से कारीगर एवं मजदूर अपने संसाधन लेकर मौके से भाग गए। एसडीएम को ग्रामीणों ने बताया कि यह आम रास्ता है इस पर एनीकट नहीं बनना चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि यहां से आने.जाने का रास्ता होने के साथ गांव के मवेशियों का रास्ता भी यहीं है।

■ ग्रामीणों बताया कि जिस जगह यह एनिकट बन रहा है वहां आम रास्ता है जो आगे गांवों में जाने के लिए रास्ता बना हुआ है। वहां से पूरे गांव के मवेशी व आम लोगों का आना.जाना रहता है

एसडीएम ने पाणुन्द पुलिस चौकी प्रभारी को भी निर्देश देते हुए कहा कि अगर एनीकट का कार्य वापस शुरू होता है तो तुरन्त प्रभाव से कार्रवाई की जाए। मौके पर पूरा मेप देखा गया तो यह भी साफ हुआ कि यह क्षेत्र वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र में आता है।

ग्रामीणों ने लगातार विरोध प्रदर्शन करते हुए वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक उदयलाल डांगी से भी वार्ता की थी उन्होने भी ठेकेदार को काम नहीं करने को कहा लेकिन दो.चार दिन निकलने के बाद ठेकेदार ने कार्य पुन: चालू कर दिया था।

ग्रामीणों बताया कि जिस जगह यह एनिकट बन रहा है वहां आम रास्ता है जो आगे गांवों में जाने के लिए रास्ता बना हुआ है। वहां से पूरे गांव के मवेशी व आम लोगों का आना.जाना रहता है। उस रास्ते से आगे पुरे गांव की खातेदारी जमीन व गांव की चरनोट भूमि है।ग्रामीणों ने बताया कि यदि एनीकट का निर्माण कार्य होता है तो यह रास्ता पुरी तरह से बंद हो जाएगा।